एक सवाल मेरे श्याम | By Ekta Sarraf

एक सवाल है तेरे प्रेमी का
पूछ रहा हूँ बता सांवरिया
जीतने का मन जब करता नहीं बाबा
जीतने का मन जब करता नहीं
हारने मुझे तू क्यों देता नहीं

हार जीत बाबा मेरे सब तेरी माया है
पर मैंने सुना तू बाबा हारे का सहारा है
तेरे बिना जीत मुझको चाहिए नहीं बाबा
तेरे बिना जीत मुझको चाहिए नहीं
हारने मुझे तू क्यों देता नहीं

तेरे प्रेमी हैं सांवरे तेरे ही कहलायेंगे
छोड़ तेरी इस चौखट को अब कहाँ हम जायेंगे
मतलब का रिश्ता तुमसे बाँधा नहीं बाबा
मतलब का रिश्ता तुमसे बाँधा नहीं
हारने मुझे तू क्यों देता नहीं

आस मेरी है सांवरे हाथ मेरा तू थाम ले
डूब ना जाए नैया मांझी बन संभाल ले
तेरे बिना चलना हमको आता नहीं बाबा
तेरे बिना चलना हमको आता नहीं
हारने मुझे तू क्यों देता नहीं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%b8%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-ekta-sarraf/